

# मड़ला एवं अजयगढ़ घाटी की टूटी सड़कें राहगीरों को दे रहीं दर्द

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। राष्ट्रीय राजमार्ग- 39 में सकरिया से पन्ना तक एक हजार से ज्यादा गड्ढे हैं। मडला घाटी में आए दिन लोग हादसों का शिकार होकर जान गवां रहे हैं यही हाल स्टेट हाईवे पन्ना अजयगढ़ मार्ग का है। रास्ता भी बदहाल है। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 सकरिया से पन्ना तक बदहाल है। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 सकरिया से पन्ना तक बदहाल है।**

सतना बैरियर से मोहन निवास चैराहा डेढ़ किमी के दायरे में आधा सैकड़ा से ज्यादा गहरे गड्ढे है। गहरे गड्ढों में फंसकर रोजाना लोग लहुलुहान भी हो रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार नहीं चेत रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 की मरम्मत का दावा किया गया था, लेकिन मार्ग की मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति ही की



गई। इसकी वजह से मार्ग दो माह भी नहीं चल पाया।

**लोनिवि रीवा संभाग नहीं कर पा रहा देखरेख:-** राष्ट्रीय राजमार्ग-39 सतना से बमीठा तक के अनुरक्षण, रखरखाव का जिम्मा कार्यपालन यंत्री एमपी लोनिवि रीवा संभाग को मिला है। कार्यपालन यंत्री को सड़क की मरम्मत कराना है। लेकिन वे देखरेख भी नहीं कर पा रहे हैं। मरम्मत के नाम पर कोरम पूरा किया जा रहा है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। जिम्मेदार सालों से समस्या होने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**रास्ता संकरा, हादसे के बाद घंटों जाम:-** यह मार्ग वन मे हैं घाटी में वाहन पलटने के बाद रास्ता अवरूद्ध हो जाता है। इससे दोनों ओर वाहनो की लंबी कतार लग जाती है, लोग जाम में फंसकर घंटों परेशान होते रहते हैं। घाटी के चारों ओर जंगल होने की वजह से दुकानें भी नहीं है। इससे लोग भूख प्यास से परेशान हो जाते हैं। सड़कों की बदहाली का यहां के पर्यटन कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। यहां 21 किमी लंबा एलीवेटिड मार्ग स्वीकृत हैं।

**अजयगढ़ घाटी की जर्जर से हो रहे हादसे:-** अजयगढ़ पन्ना के बीच 10 से 12 किमी में घाटी है। इस घाटी की सुरक्षा दीवार जगह जगह से टूटी होने के कारण कभी भी बडा हादसा हो सकता है। हालांकि सुरक्षा दीवारों के सुधार का कार्य शुरू है। लेकिन जर्जर सड़क का सुधार कार्य कब होगा यह समझ से परे है। लोग जान जोखिम में डालकर अजयगढ़ पन्ना के बीच सफर करते हैं। औद्योगिक नगर कानपुर, धार्मिक नगरी चित्रकूट, इलाहाबाद बनारस आदि शहरों के जोड़नेवाला मार्ग है।

### टूटी मड़ला घाटी में आए दिन जाम, पर्यटन गंभीर रूप से प्रभावित

पन्ना छतरपुर मडला घाटी की हालत बहुत ही खराब है। साइड सोल्डर टूटे हुए हैं। क्रांसिंग के दौरान वाहनों के पहिए सड़क के उतरते ही अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं। रास्ता वन वे होने की वजह से आए दिन जाम लग जाता है। मुश्किल से मौंके तक क्रेन पहुंच पाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 में मडला घाटी होते हुए ही लोग इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, झांसी, छतरपुर की ओर जाते हैं। चालकों को रास्तों में गहरे गड्ढे, टूटे साइड सोल्डर की जानकारी नहीं होती है। चालक वाहनों को सड़क से उतारते ही हादसों का शिकार हो जाते हैं।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। आज दिनांक 4 दिसंबर को कलेक्टर सभागार पन्ना में श्रीमती उषा परमार कलेक्टर एवं अध्यक्ष (जिला स्तरीय टास्क फोर्स) डॉ एस. डी. चतुर्वेदी प्राचार्य एवं सचिव तथा अन्य समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बिंदुवार बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर द्वारा बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा समिति सदस्यों के समक्ष की इसके बाद सचिव प्राचार्य डॉ.एस डी चतुर्वेदी द्वारा विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष प्रदान की गई एवं पन्ना जिले के अंतर्गत आने वाले कोचिंग एवं शिक्षण संस्थानों में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सुचारू क्रियान्वन किया जा सके इस संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षण संस्थानों में मनोवैज्ञानिक काउंसलर की नियुक्ति तथा जिले की समस्त कोचिंग संस्थानों का जिला प्रशासन द्वारा पंजीयन किया जाएगा तदोपरांत शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण आज से शुरू

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कॉलेज चलो अभियान सत्र 2026-27 के प्रथम चरण की औपचारिक घोषणा की है।**

यह अभियान 05 दिसम्बर से 05 जनवरी 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। लीड कॉलेज के प्राचार्य के रूप में डॉ. चतुर्वेदी ने पन्ना जिले के सभी शासकीय एवं



अशासकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अभियान की सभी गतिविधियों को गंभीरता एवं सक्रियता के साथ क्रियान्वित करें। प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना, उपलब्ध पाठ्यक्रमों, कैरियर अवसरों तथा ई-प्रवेश प्रक्रिया के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाना है। अभियान के प्रथम चरण में स्कूल- कॉलेज संपर्क कार्यक्रम, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए महाविद्यालय भ्रमण, सोशल मीडिया आधारित प्रचार अभियान, कैरियर काउंसलिंग सत्र, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों का प्रसार तथा शैक्षणिक एवं आर्थिक सहायता योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाई जाएगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं, विषय चयन एवं कौशल आधारित शिक्षा की उपयोगिता से परिचित कराना है।

# प्राथमिकता के साथ लगाए जाएं करेक्टिव सर्जरी कैंप : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।**

कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सागर संभाग के सभी जिलों में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाएं तथा करेक्टिव सर्जरी कैंपों के माध्यम से दिव्यांगजनों का समुचित उपचार करें। कमिश्नर ने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मध्यप्रदेश शासन की एक अभिनव योजना है। इस योजना का लाभ भी गरीब और कमजोर तबके के लोगों को दिलाएं। संभागायुक्त द्वारा उक्ताशय के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए। बैठक में कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए।

# कबड्डी, खो-खो दौड़ सहित वालीबॉल का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 4 दिसंबर। देवेंद्रनगर के बालक हायर सेकेंडरी ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन का आगाज किया गया जिसके तहत कबड्डी खो खो एथलेटिक दौड़, बॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता हुई।**

उक्त खेल महोत्सव में जीरो मॉडल हाईस्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रैंबो पब्लिक स्कूल, सरस्वती हायर सेकेंडरी, बालक हायर सेकेंडरी, कन्या हायर सेकेंडरी व शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर के खेल प्रतिभागियों ने सामिल होकर



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी, अंगद प्रजापति जिला पंचायत सदस्य, शिवांगी गुप्ता अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार, हरदेव सिंह परिहार, उमेश शर्मा, ललित गुप्ता, ध्रुव चैबे, सहित खेल प्रशिक्षक एवं सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन रमेश अग्रवाल द्वारा किया गया। देवेंद्रनगर मंडल की विजेताओं को प्रमाण पत्र, टीशर्ट व टोपी प्रदान की गई।



# सांसद खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं को पिकअप लोडर वाहन से गांव से लाया जा रहा है स्टेडियम में

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 4 दिसंबर। इस समय अजयगढ़ में अजयपाल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव करवाया जा रहा है इस खेल करवाने का मकसद ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम है गांव में जो अच्छे खिलाड़ी हैं वह उभर कर सामने आए अजयगढ़ में तीन मंडल हैं।**

अजयगढ़ मंडल धरमपुर मंडल बीरा मंडल आज धरमपुर मंडल के खिलाड़ियों को अजयगढ़ स्थित अजय पाल स्टेडियम में अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का दिन था धर्मपुर क्षेत्र के स्कूली बच्चों को पिक अप वाहन से गांव से अजयपाल स्टेडियम लाया गया जो की एक घोर लापरवाही है शासन द्वारा प्रतिभाओं को निखारने के लिए तमाम सुविधा मुहैया कराने की बात कही जाती है परंतु अजय पाल स्टेडियम में उस समय सभी लोग अचंभित रह गए जब एक लोडर वहां में बुरी तरह से छात्र-छात्राएं भर के स्टेडियम पहुंचे और उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई और वापस उसी लोडर वाहन से स्कूल के लिए रवाना हो गए इन बच्चों को यात्री वाहन उपलब्ध नहीं हुआ आखिर यह कैसी विडंबना है सांसद खेल महोत्सव में कि छात्रों को लाने के लिए यात्री वाहन भी उपलब्ध नहीं हो सका खड़े-खड़े छात्रों को लोडर वाहन में अजयगढ़ लाया गया जिसकी पूरे नगर में घोर निंदा की गई।

# मैरिज गार्डनों निमंत्रण में जाने वाले अधिकारियों को भी नहीं दिखते बाल मजदूर

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। सरकारी महकमा बालदिवस के अवसर पर बच्चे के अधिकार एवं जागरुक के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर उनके अधिकारों के बारे में बताते हैं और अगले दिन अखबारों पर बड़ी-बड़ी फोटो प्रकाशित करवाते हैं।**

वहीं अधिकारी जब छोटे-छोटे बच्चों को शादी विवाह से काम करते देखते हैं तो उनकी तरफ से नजर फेर लेते हैं। आजकल शादियों का सीजन चल रहा जिसमें बडी संख्या मे छोटे बच्चों से काम कराया जा रहा है। शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन पे कैटरिंग के कार्य में लगे छोटे-छोटे बच्चे हांथ में ट्रे लेकर लोगों को भोजन पानी इत्यादि करते नजर आते है।

**राजपत्रित अधिकारी भी होते हैं शामिल:-** आम आदमी से लेकर राजपत्रित अधिकारी तक शादी समारोह जैसे कार्यक्रम में सिरकत करते हैं, लेकिन अपने सामने बाल श्रमिकों का कार्य करते देखकर भी उनमें इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं होती सरकारी अधिकारी 14 मे कम के बच्चों से काम कराए जाने वाले काम को ही जात प्रम मानते हैं। यदि इस पैमाने पर चले तो शहर के अधिकांश मैरिज गार्डनों में ऐसे श्रमिकों की हजारों में है। इनका ना कहीं पर कोई रिकॉर्ड है और ना ही किसी प्रकार की कोई सुविधा मिलती है। अमानक के अनुसार और सुविधाएं देने का तो सवाल ही नहीं करता।

### कम मजदूरी में चल जाता है काम

गार्डन में बच्चे को काम करने के लिए, इसलिए अहमियत दी जा रही है कि बच्चों को मेहनताना कम देना पड़ता है। जहा बेटर का काम करने वाले वयस्क एक समारोह में काम करने के लिए 700 से 1000 रुपए तक वसूल करते हैं, वहीं छोटे बच्चे 300 से 400 रुपए में कही कार्य करने के लिए तैयार है। छोटे बच्चे काम करने में आनाकानी नहीं करते और ना ती किसी तरह की बाद विवाद का अंदेशा रहता है। किसी समारोह में निर्धारित से अधिक समय और ज्यादा काम करना पक्ष तो व्यस्क वेटर अधिक वसूल करते हो, अर्थात कम उम्र के बच् जितना दिया जाए उसी में ही संतोष कर लेते हैं। अब देखना यह होगा कि नियमों की धज्जियां कर बाल श्रमिकों से बाल श्रम कराने वाले मैरिज गार्डन के संचालक के खिलाफ अधिकारी क्या कड़े कदम उठाते है। या फिर यूँ जो छोटे बच्चों से लगातार मजदूरी जारी रहती है।

# सियार के हमले पर वन विभाग ने दी सहायता

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। आज दिनांक 04 दिसम्बर को दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई परिक्षेत्र अंतर्गत पवई नगर के वार्ड क्रमांक 10 में सियार के हमले की एक घटना सामने आई।**

इस घटना में दो व्यक्ति, जुम्मन मोहम्मद और कमलेश कोरी, को सियार ने काट लिया जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाया गया।

### सावधानी और जन-जागरुकता के उपाय

वन विभाग नागरिकों से अपील करता है कि यदि किसी क्षेत्र में सियार या अन्य जंगली जानवर दिखाई दें तो उन पर पत्थर न फेंकें और न उन्हें भगाने का प्रयास करें। बच्चों और पालतू पशुओं को अकेले न छोड़ें तथा शाम या रात के समय सुनसान क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं।

# सेवानिवृत शिक्षक ने दान में दिए 20 कंबल

नवभारत न्यूज

**देवेन्द्रनगर/पन्ना 4 दिसंबर। आज सीएचसी देवेंद्र नगर में रिटायर्ड शिक्षक राम मिलन खरे और विवेक खरे द्वारा ने ठंड के मौसम में मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 20 गर्म कंबलों का दान किया।**

सीएचसी प्रभारी एवं स्टाफ ने श्री खरे के इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की। बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने कहा कि ऐसे प्रयासों से अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाव मिलेगा श्री खरे ने इस अवसर पर कहासेवा ही सच्चा धर्म है यदि हम अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद कर सकें तो यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# उप स्वास्थ्य केंद्रों के नाम बदलने के बाद भी नहीं बदला काम का तरीका

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्रों का नया नामकरण हेल्थ एण्ड बेलनेश सेन्टर कर दिया गया। इन उप स्वास्थ्य केन्द्रो को एक ओर सुन्दर सा नाम आरोग्यम भी दे दिया गया।**

इसे सुनने वालों को सबसे पहले लगता है कि कोई बेहतर व्यवस्था की गई होगी। जहां स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केन्द्रों को नाम बदल बनाये गये बेलनेस सेन्ट उर्फ आरोग्यम केवल कागजों तक ही सीमित रह गये। जहां जनता को कोई सुविधायें नहीं मिलती।

**कई तरह की सुविधाओं के दिखाये गये थे सपने:-** ज्ञात हो कि इन बेलनेश सेन्टरों का नया नामकरण करने के दौरान बताया गया था कि यहां गैर संचारी रोगों से मरीजों को लाभ मिलेगा। 126 तरह की दवायें यहां मुफ्त में मिलेंगी। शिशुओं व प्रसूताओं की मौतों को रोकने का प्रयास किया जायेगा। मरीजों की जांच की जायेगी। यहां पदस्थ डाक्टर व स्टाफ नियमित रूप से सेवायें देंगे। यहां आयुष डाक्टर अथवा बीएससी नर्सिंग डिग्रीधारी को पदस्थ किया जायेगा। आयुष्मान भारत योजना के साथ यह ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में बताया जा रहा था। किन्तु आज यदि इन सेन्टरों की जांच हो जाय तो पता चलेगा कि न तो स्टाफ उपस्थित रहता और न ही कोई जांच पड़ताल ही होती। न तो ओपीड़ी खुलता और न ही यहां मरीज ही पहुचते। केवल नाम का वेलनेस सेन्टर रह गया है।

# शिक्षा विभाग में शासन के आदेश बेअसर, शिक्षक 3 घंटे में ही कर रहे पूरी नौकरी

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 4 दिसंबर। शिक्षा विभाग में मॉनीटरिंग अधिकारियों की निष्क्रियता, प्रभारी व्यवस्था एवं शासन की लचीली दंड व्यवस्था ने शिक्षा के स्तर को न्यूनता से भी नीचे ला दिया है।**

शासन के आदेशानुसार शिक्षा विभाग के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालय एवं कार्यालयों में शिक्षक व किसी भी कर्मचारी के उपस्थित रहने का समय 10 बजे से 4 बजे तक है किंतु इस समय के बीच में कई विद्यालयों एवं कार्यालयों में ताला लगा देखा जा सकता है एवं ज्यादातर कर्मचारी 3 घंटा ही अपनी संस्था में उपस्थित रहते हैं। दूसरा नियमित कक्षाएं भी संचालित नहीं होती हैं। निदानात्मक कक्षाएं कागजों में चल रही हैं। मासिक, तिमाही, छमाही परीक्षाएं भी केवल कागजी आंकड़ो तक सीमित है इन गड़बड़ियों को समय-समय पर मीडिया द्वारा उजागर भी किया जाता है।

इन गड़बड़ियों के लिए शिक्षक व अन्य कर्मचारी अकेले जिम्मेदार नहीं है। इनके निरीक्षणकर्ता मॉनीटरिंग अधिकारी कहलाने वाले अधिकारी विकासखंड स्तर पर बीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, बीएसी, सीएसी, संस्था प्राचार्य, प्रधानाध्यापक है। जिनको अपने मुख्यालय में रहने के शासन के आदेश हैं, इनमें से कई जिला मुख्यालय में तो कुछ दूसरे जिला में रहकर अपनी नौकरी चला रहे हैं। साथ ही निरीक्षण एवं अन्य कार्यों छात्रों की जरूरतों व विद्यालय की व्यवस्थाओं के लिए मिलने वाली राशि का भी बंदर बांट कर रहे हैं। इनके द्वारा शैक्षणिक व्यवस्थाएं छात्रों की समस्याएं देखी ही नहीं जाती हैं। जिसका परिणाम है कि छात्रों की दक्षता की जानकारी भी विषय शिक्षकों द्वारा झूठी बनावटी दी जाती है।

गलत जानकारी यही अधिकारी स्वीकार भी कर रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि कक्षा आठवीं दसवीं में पढ़ने वाले छात्र शुद्ध हिंदी नहीं लिख पाते हैं। ये छात्र पिछली कक्षाओं में कैसे पास हो गए जबकि प्रवेश के समय टेस्ट लिए जाने का प्रावधान भी है यह पूछने वाला कोई नहीं है। वर्तमान में मासिक, तिमाही, छमाही की परीक्षा में छात्रों के प्राप्त अंकों का सत्यापन कर लिया जाए तो गलत जानकारी देने वाले शिक्षकों की कूट रचना उजागर भी हो सकती है। यह स्थिति ग्रामीण एवं वनांचलों में नहीं बल्कि गुनौर नगर के अंदर संचालित विद्यालयों की भी है।

# पीटीआर के चोटिल बाघ पी -243 का इलाज जारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 4 दिसंबर।** पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र हिनौता में बाघ-243 विगत कई दिनों से सिर में घाव होने के कारण पार्क प्रबंधन द्वारा बाघ का उपचार बाघ विशेषज्ञों एवं निर्देशक एसडब्लूएफएएच जबलपुर के मार्गदर्शन में डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यजीव स्वास्थ्य



अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में बाघ के घाव में सुधार प्रतीत हो रहा है।

# तहसीलदार ने मौके पर खड़े होकर हटवाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 4 दिसंबर। अजयगढ मंडी से तहसील कार्यालय की सड़क किनारे एक व्यक्ति द्वारा झोपड़ी बना दी गई थी अस्थाई रूप से जिसके आज तहसीलदार सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और झोपड़ी बनाने वाले व्यक्ति को बुलाया और उसे हिदायत दी तुमने शासकीय भूमि पर अनाधिकृत रूप से यह झोपड़ी क्यों वनाई क्योंकि अजयगढ़ में अतिक्रमण का तरीका कुछ इसी तरह का है।**

पहले बांस बल्ली गाड़कर झोपडी बनाते हैं फिर चारों तरफ टाट पट्टी लगते हैं और अंदर ही अंदर दीवाले बन जाती हैं और कुछ दिन बाद ऊपर छत तक पहुंच जाती है। दूसरे स्थाई अतिक्रमण की फाउंडेशन बनाई गई



थी उसी रोड पर उनको बैधानिक रूप से तहसील कार्यालय से नोटिस जारी हुआ है कि वह अपना स्थाई अतिक्रमण फाउंडेशन वहां से हटा ले या भूमि से संबंधित दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार दोपहर को सदर पटवारी दीपेश तिवारी कोटवारों को लेकर पहुंचे उन्होंने अतिक्रमण कर्ता को बुलवाया और उसी के सामने बनी हुई झोपड़ी हटा दी। ज्ञात हो कि उक्त भूमि तहसील कार्यालय के क्वार्टरो रूम के लिए आरक्षित भूमि है।

### इनका कहना हैं

आज शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर्ता का अतिक्रमण हटा दिया गया है तथा नगर में हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करके हटवाने की निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी नगर में शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

**सुरेंद्र कुमार** तहसीलदार अजयगढ़।

# आईएएस वर्मा की ब्राह्मण समाज के लिए की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 4 दिसंबर। घ्रणित एवं अपमान जनक शब्दो का उपयोग कर समस्त ब्राम्हण समाज को अपमानित करने का कार्य किया एंव बेटी बेटियो के सम्बन्ध मे दिये गये बयान से समूचा सनातन ब्राम्हण समाज अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा हे जिससे सम्बन्धित जानकारी सोशल मीडिया एवं अन्य समाचार पत्रों के माध्यम से सभी को ज्ञात है।**

जिससे ब्राम्हण समाज आक्रोशित है इसी को लेकर



अजयगढ मे दिनांक 4 दिसंबर को ब्राम्हण के सैकडो लोगो ने महामहिम राज्यपाल म0प्र0 शासन के नाम तहसील अजयगढ मे नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा एंव कार्यवाही की माँग की इसी प्रकार थाना अजयगढ़ टी आई बखत सिह का ज्ञापन सौप कर उक्त अधिकारी के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज करने की माँग की इसके पूर्व भी दिनांक 28 नवंबर को ब्राम्हण समाज के तत्वाधान मे सर्व समाज द्वारा भी उक्त अधिकारी के निलम्बन एंव एफ आई आर दर्ज किये जाने हेतु मुख्य मंत्री के नाम पर ज्ञापन दिया गया था जिसमे स्थानीय प्रशाषन द्वारा कार्यवाही हेतु क सप्ताह का समय आपेक्षित था किन्तु कार्यवाही न होने पर आज पुन सर्व ग्राम्हण समाज एकत्र होकर कार्यवाही नही हुयी तो आने वाले समय ब्राम्हण समाज उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होगा ज्ञापन सौपने वालो मे प्रमुख रूप से ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष जनमेजय अरजारिया, संजय सुल्लेरे अवध तिवारी पंकज धूरिया प्रमोद तिवारी, प्रेम कुमार पाण्डेय, बाबूराम तिवारी, पवन पाण्डेय, अरुण तिवारी, कुलदीप मिश्रा, कमलेश दुबे सन्तु मिश्रा, कल्लु मिश्रा, हनुमान द्विवेदी मन्त्री पाण्डेय सहित नगर एवं क्षेत्र सैकड़ो की तादाद मे ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित थे।